मेरठ कॉलेज मेरठ

(शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग)

पत्रांकः शा0शि0I/C–2023–24

दिनांक 28.11.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
समस्त महाविद्यालय / कॉलेज / स्ववित्त पोषित शिक्षण संस्थान,
सम्बद्ध चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय– चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, की 53वीं अन्तर–महाविद्यालय एथलेटिक (महिला एंव पुरूष) मीट 2023–24

महोदय / महोदया,

हर्ष का विषय है कि, उपरोक्त चैम्पियनशिप का आयोजन मेरठ कॉलेज, मेरठ द्वारा दिनांक 05–07 दिसम्बर, 2023 में महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) मेरठ में प्रातः 9:00 बजे से किया जायेगा। एथलेटिक मीट की अग्रेत्तर कार्यवाही के सम्बन्ध में पत्र के साथ संलग्न डिटेल एन्टरी प्रर्फोमा को महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों हेतु अलग–अलग भर कर हमारी E:Mail:-meerutcollegesports@gmail.com पर दिनांक 01.12.2023 तक अवश्य भेजने का कष्ट करें, दिनांक 01.12.2023 के उपरान्त भेजे गये डिटेल एन्टरी प्रपत्र पर विचार नही किया जायेगा। एथलेटिक मीट मे अपने कॉलेज की टीम को प्रतिभाग हेतु निम्नलिखित निर्देशों के साथ भेजने का कष्ट करें।

टीम के लिये आवश्यक निर्देश

1. एथलेटिक्स मीट का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (A.I.U.) के पात्रता शर्तो तथा अन्तराष्ट्रीय एम्चयोर एथलेटिक्स संघ (I.A.A.F.) के नियमों के अनुसार किया जायेगा।
2. टीम के साथ टीम मैनेजर / टीम कोच का होना आवश्यक है, अन्यथा टीम को प्रतिभागी नही बनाया जायेगा।
3. आयोजन से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देशों पर चर्चा हेतु टीम मैनेजर / टीम कोच की एक सभा का आयोजन दिनांक 04.12.2023 को महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) मेरठ में अपराहन 3:00 बजे होगा, तथा उक्त सभा में ही टीमों का पंजीकरण एवं प्रतिभागियों के बिब नम्बरों का वितरण भी किया जायेगा।
4. एथलेटिक मीट दिनांक 05.12.2023 को भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) मेरठ में प्रातः 9:00 बजे प्रारम्भ होगी, अतः टीम मैनेजर मार्च पास्ट के लिये अपनी टीम एंव अपने कॉलेज के ध्वज (झण्डा) व पोल सहित दिनांक 05.12.2023 को प्रातः 8:30 बजे उपस्थित होने का कष्ट करें।
5. पात्रता प्रपत्र (Eligibility Proforma) की चार प्रतियां (कम्प्यूटर द्वारा टाईप) माता व पिता के नाम सहित सभी प्रविष्टियों को पूर्णतया भर कर प्राचार्य / प्राचार्या द्वारा हस्ताक्षरित अवश्य लायें।
6. प्रत्येक खिलाड़ी अपने साथ दो फोटोग्राफ, वर्तमान सत्र 2023–24 का कॉलेज परिचय पत्र, शुल्क रसीद के साथ अपने हाई स्कूल, से अन्तिम कक्षा अर्थात 2023 तक प्रत्येक वर्ष की मूल (ओरिजनल) अंक तालिका के साथ–साथ उक्त समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की फोटोकॉपी के स्वंय हस्ताक्षरित दो सैट अवश्य साथ लाये।
7. प्रतियोगिता में ग्राउन्ड, दिनांक, समय आदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार आयोजन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
8. खिलाड़ी अपने साथ मौसम के अनुसार बिस्तर, दरी व कम्बल आदि तथा अपने सामान की सुरक्षा हेतु अपना ताला अवश्य साथ लायेंगें, आयोजक महाविद्यालय द्वारा टीमों को उक्त सामग्री उपलब्ध नही कराया जायेगी।
9. यदि कोई टीम दिनांक 05.12.2023 से पहले आना चाहती है तो कृपया अपने आने की सूचना प्रो0 योगेश कुमार, 8218400828 अथवा डा0 सुधीर मलिक 9368122816 को देनें का कष्ट करें।

धन्यवाद

(प्रो0 अंजलि मित्तल)
प्राचार्या एवं आयोजन अध्यक्षा

Principal
Meerut College, Meerut

(प्रो0 वीरेन्द्र कुमार)
आयोजन सचिव

SECRETARY
SPORTS COUNCIL
MEERUT COLLEGE, MEERUT

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष क्रीड़ा परिषद, चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
2. क्रीड़ाधिकारी, चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

(प्रो0 अंजलि मित्तल)
प्राचार्या एवं आयोजन अध्यक्षा

(प्रो0 वीरेन्द्र कुमार)
आयोजन सचिव